केन-बेतवा प्रोजेक्ट बदलेगा बुन्देलखण्ड की तस्वीर और जनता की तकदीर: मुख्यमंत्री

भास्कर ब्यूरो | भोपाल

बुंदेलखंड में खुशी की लहर है, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए सौभाग्य का दिन है। मुझे बताते हुए अत्यन्त प्रसन्नता है कि बुंदेलखंड की धरती पर पानी की उपलब्धता के लिए केन-बेतवा प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिल गई है। इस अद्भुत सौगात के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हृदय से धन्यवाद देता हूं। केन-बेतवा प्रोजेक्ट सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि ये बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने का महाअभियान है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि केन-बेतवा परियोजना स्वीकृत हो गई है और इससे बुंदेलखंड की तस्वीर बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास की दौड़ में बुंदेलखंड पिछड़ गया था। सरकार ने बहुत से काम किए, लेकिन पानी की जरूरत थी। केन-बेतवा परियोजना स्वीकृत हो चुकी है। ये बुंदेलखंड की तकदीर और जनता की तस्वीर बदलने का काम करेगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इससे 10 लाख 62 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 62 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा। 103 मेगावाट हाइड्रोपावर और 27 मेगावाट की क्षमता का सोलर प्लांट बनेगा। 72 मेगावाट क्षमता के दो बिजली परियोजना प्रस्तावित हैं। इससे बुंदेलखंड की पूरी तस्वीर बदल जाएगी। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी ने बुंदेलखंड के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा सरकार ने सिंचाई क्षमता सात लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 45 लाख हेक्टेयर की है, जिसे बढ़ाकर 65 लाख हेक्टेयर किया जाएगा।

बुरहानपुर में शिवराज लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए

एजेंसी, बुरहानपुर | मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को यहां आयोजित 'लाड़ली बहना सम्मेलन' में 1.31 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में बढ़ी हुई राशि 1250 रुपए अंतरित की। समारोह में श्री चौहान ने क्षेत्र के लिए कई अहम घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कहा कि सिंधी भाइयों की दुकानों के लिए निविदा निकाल दी गई है। जली दुकानों के बदले उनको दुकानें दी जाएंगी। जो पैसा कम पड़ेगा उसको सरकार भरवाएगी। केले के लिए फसल बीमा सुनिश्चित कर दी जाएगी, ताकि किसान भाइयों को कोई दिक्कत न हो। ताप्ती मेगा रिचार्ज योजनाओं को भी मूर्त रूप दिया जाएगा, ताकि पानी की कमी न रहे। अपने संबोधन में श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर चुनाव में बहनों को आरक्षण दिया गया, ताकि आधी सीटों पर केवल बहनें चुनाव लड़ें। साथ ही अब पुलिस की नौकरी में 35 प्रतिशत भर्ती बेटियों की होगी। सरकार सीएम राइज स्कूल बना रही है, जहां निजी स्कूलों से अच्छी पढ़ाई होगी। एक-एक स्कूल की बिल्डिंग 38-38 करोड़ की है।